## गुस्ताखी माफ

लड़ते-लड़ते थक गये, रुको जरा-सा यार।
आओ दोनों बैठकर, थोड़ा दम लें मार।
थोड़ा दम लें मार, खत्म ना होंगे टंटे।
कर लें युद्ध विराम, चलो हम 'बत्ती घंटे'।
कह साहिल कविराय, आ गये गिरते-पड़ते।
रूस और यूक्रेन, थक गये लड़ते-लड़ते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 91 | SUNDAY 12-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## जालंधर बाइपास सब्जी मंडी के पार्किंग ठेके को लेकर हुआ विवाद

# पहले रल मिलकर खाते रहे मलाई, अब एक दूसरे पर रिश्वतखोरी-गुंडागर्दी के आरोप लगाने में जुटे ठेकेदार और मार्किट कमेटी अधिकारी

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। कहते हैं न कि प्यार और जंग में सब जायज होता है। इस कहावत की ताजा उदाहरण लुधियाना में देखने को मिली। हाल ही में जालंधर बाइपास स्थित सब्जी मंडी में पार्किंग और यूजर चार्ज के ठेके को दूसरी कंपनी को मिलने पर विवाद हो गया। पुराने ठेकेदार और अफसरों में पहले दोस्ती थी, लेकिन दोस्ती टूटी तो जमकर भड़ास निकलनी शुरू हो गई। जिसमें ठेकेदार राजू, मार्किट कमेटी के चेयरमैन-सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल द्वारा एक दूसरे पर रिश्वतखोरी और गुंडागर्दी के आरोप लगाए गए हैं। जिसके बाद किसी की और से मंडी की वीडियोज बनाकर डाली दी तो किसी ने प्रेस कांफ्रेस कर डाली। हालांकि इस विवाद से पहले शहर की जनता द्वारा सब्जी मंडी के पार्किंग और रेहड़ी-फड़ी के ठेके की ओवरचार्जिंग को लेकर दर्जनों शिकायतें की गई। लेकिन तब मार्किट कमेटी और पंजाब मंडी बोर्ड ने सुनवाई नहीं की। तब ठेकेदार ने भी अधिकारियों पर रिश्वत लेकर ठेका चलने देने का मामला जग जाहिर नहीं किया। मगर आज दोनों पक्ष में सहमति न बनी तो आरोपों की बरसात हो गई। यानि कि जब तक मिलकर फायदे मिलते रहे तो ठीक है। अब दुश्मनी हो गई, तो एक दूसरे को बदनाम करने में जुट गए। वहीं अब अधिकारियों पर गाज गिरनी शुरू हुई तो ओवरचार्जिंग के जुर्माने भी लगने शुरू हो गए।



मार्किट कमेटी बाहर ठेकेदार खिलाफ प्रदर्शन करते रेहड़ी फड़ी वाले




ठेकेदार राजू ने प्रेस कांफ्रेस कर मार्किट कमेटी अधिकारियों पर लगाए आरोप

## सेक्रेटरी के कहने पर की ओवरचार्जिंग शुरू

ठेकेदार राजू का आरोप है कि उन्होंने कोर्ट का रुख किया तो पहले कोर्ट ने 9 अप्रैल तक ठेका उनके पास होने के ऑर्डर दिए। इस दौरान सेक्रेटरी ने कहा कि वह एक महीना और उन्हें ठेका दे देगा, लेकिन बदले में 15 लाख देने होंगे। ठेकेदार अनुसार सेक्रेटरी गिल ने कहा कि तुम ओवरचार्जिंग करो और आधे पैसे खुद रखो, आधे मुझे दो। उन्होंने एक दिन ओवरचार्जिंग की तो विवाद हुआ। वह शांत हो गए। सेक्रेटरी को रिश्वत न मिलने पर वह उनके खिलाफ हो गए।

## सेक्रेटरी लेता था तीन लाख रिश्वत, गलत तरीके से दिया ठेका

वहीं ठेकेदार राजू का कहना है कि उनकी तरफ से पहले 2023-24 को ठेका लिया। तब सेक्रेटरी हरविंदर सिंह गिल ने उनसे 8 लाख प्रति महीना रिश्वत मांगी। इसकी शिकायत बोर्ड सचिव को की तो आरोप सही पाए जाने पर सेक्रेटरी का तबादला हो गया। अब फिर उन्हें 2025 को ठेका मिला। सितंबर 2025 में सेक्रेटरी गिल का तबादला फिर कमेटी में हो गया। राजू का आरोप है कि सेक्रेटरी ने रंजिश के चलते जबरन रेहड़ियां कब्जे में लेनी शुरू कर दी। फिर उसने तीन लाख रुपए प्रति महीना रिश्वत लेनी शुरू की। अब नए ठेके के टेंडर में मिंकी ट्रेडर्ज नामक फर्म ने भी टेंडर डाला। शर्तें पूरे न करने के बावजूद सेक्रेटरी ने गलत तरीके से उसे ठेका देने की कोशिश की, उन्होंने विरोध जताया तो 15 लाख रिश्वत की मांग की। पैसे न देने पर टैक्निकल बिड के कुछ समय बाद ही फाइनेंशियल बिड खोलकर मिंकी ट्रेडर्ज को ठेका दे दिया।

## पहले ठेकेदार अच्छा था ? अब अचानक पलट गए अधिकारी

एक साल पहले ठेकेदार राजू को सब्जी मंडी की पार्किंग और रेहड़ी-फड़ी का ठेका मिला। तब ठेकेदार के कारिंदों द्वारा मल्टीपल एंट्री के चार्ज लिए जाते थे, जो कि गैरकानूनी थे। इसके अलावे वाहन चालकों और आढ़तियों व रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा ओवरचार्जिंग के आरोप लगाए गए। कई बार विवाद हुआ और कई शिकायतें मार्किट कमेटी के पास पहुंची। आए दिन मारपीट हुई। लेकिन तब कमेटी ने कोई एक्शन लेने की जरुरत नहीं समझी। तब न तो अधिकारियों को ठेके में कुछ गलत लगा और न ही उन्होंने जनता का दर्द समझने की कोशिश की। तब अधिकारी मामले में संज्ञान लेकर एक्शन लेते तो भी ठेका कैंसिल हो जाता। मगर अधिकारी तब क्यों चुप थे, वह चर्चा का विषय है। अब शहर में चर्चा है कि जब तक मिलकर मलाई खाते रहे, तब तक सब ठीक था। लेकिन आज अलग हुए तो अधिकारी भी अपनी बातों से पलटने लग गए।

## खुद पर गाज गिरी तो जुर्माना भी लगा डाला

खुद पर गाज गिरती देख मार्किट कमेटी द्वारा इतनी तेजी से एक्शन लिया गया कि उसे देख सभी हैरान हैं। दरअसल, 31 मार्च 2026 को ठेकेदार राजू का ठेका खत्म हुआ और मंडी बोर्ड द्वारा टेंडर लगाया गया है। इस दौरान गलत तरीके से दूसरी कंपनी मिकी ट्रेडर्ज को ठेका अलॉट करने का आरोप लगा ठेकेदार राजू हाईकोर्ट पहुंचे और अदालत ने 28 अप्रैल तक ठेका पहले की तरह चलने देने के ऑर्डर दिए। ठेकेदार राजू ने सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल पर 15 लाख रिश्वत मांगने के आरोप लगाए। सेक्रेटरी ने खुद पर गाज गिरती देख ओवरचार्जिंग के आरोप लगाने की शिकायत ली और उस पर जांच कर आरोप सही पाए जाने पर ठेकेदार को 15 लाख जुर्माना लगाया। जुर्माना होते ही ठेकेदार राजू ने कमेटी को ईमेल भेजकर 11 अप्रैल से ठेका छोड़ दिया और शनिवार को ही प्रेस कांफ्रेस कर अफसरों पर संगीन आरोप लगा डाले।

## पूरा दिन आरोपों की होती रही बरसात

शनिवार को मार्किट कमेटी के चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल, सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल और ठेकेदार राजू द्वारा एक दूसरे पर पूरा दिन लगातार कई आरोप लगाए गए। एक तरफ ठेकेदार राजू ने दोपहर को प्रेस कांफ्रेस कर मार्किट कमेटी के सेक्रेटरी पर हर महीने तीन लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप लगाए। जबकि प्रेस कांफ्रेस से पहले ही अधिकारियों ने रेहड़ी-फड़ी वालों से ओवरचार्जिंग की वीडियो बना डाली और ठेकेदार द्वारा मंडी में बदमाश भेजकर गुंडागर्दी व मारपीट करने के आरोप लगाए। उनकी वीडियो भी बनाई। इसके अलावा चेयरमैन ने भी ठेकेदार पर आरोप लगाए।



## डीएनआईटी की शर्तो मुताबिक लगाया जुर्माना

वहीं मार्किट कमेटी के सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल का कहना है कि ठेकेदार राजू द्वारा झूठे व बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। ठेका देना पंजाब मंडी बोर्ड के हाथ में होता है। उन्हें आढ़ती एसोसिएशन की ओवरचार्जिंग की शिकायतें मिली थी। उन शिकायतों के आधार पर रेहड़ी फड़ी वालों के बयान लेकर जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए। डीएनआईटी की शर्तों के मुताबिक जुर्माना लगा है।



## ठेकेदार के गुंडों ने की मारपीट

मार्किट कमेटी चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल अनुसार यह ठेका पहले ठेकेदार राजू के पास था। उन्होंने खुद ठेका छोड़ा और उसके बाद अब कमेटी द्वारा अपने कर्मी लगाकर कलेक्शन की जा रही है। ठेकेदार राजू द्वारा शनिवार को 20-25 गुंडे-बाउंसर भेजे गए। मार्किट कमेटी ऑफिस में आढ़ती भाईचारा और रेहड़ी फड़ी वालों से मारपीट की गई। इस संबंधी पुलिस को शिकायत की जा रही है। गैरकानूनी कलेक्शन करने पर एक्शन ले जुर्माना किया गया है। जब किसी से कोई चींज दूर होती है तो आरोप लगाने स्भाविक है।




# नगर निगम की 360वीं बैठक में गूंजा एनफोर्समेंट और वेंडर्स का मुद्दा, पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने उठाए गंभीर सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। चंडीगढ़ नगर निगम की 360वीं बैठक के दौरान वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने शहर की एनफोर्समेंट व्यवस्था और वेंडर्स से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में हजारों वेंडर्स कार्यरत हैं, लेकिन निगम को अपेक्षित राजस्व नहीं मिल रहा, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्षद ने बताया कि शहर में करीब 25 हजार वेंडर्स काम कर रहे हैं, जिनमें लगभग 13 हजार वैध हैं, लेकिन नगर निगम को केवल 4 हजार वेंडर्स से ही फीस प्राप्त हो रही है। बड़ी संख्या में अवैध वेंडर्स बिना किसी शुल्क के कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि या तो ऐसे वेंडर्स को हटाया जाए या उन्हें भी शुल्क के दायरे में लाकर निगम का राजस्व बढ़ाया जाए।

उन्होंने अब तक काटे गए चालानों का पूरा ब्यौरा भी मांगा और कहा कि वसूली तथा लंबित मामलों की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। जसबीर सिंह बंटी ने आरोप लगाया कि पहले कुछ अवैध वेंडर्स से ₹500



प्रति सप्ताह लिया जाता था, जो अब बढ़कर ₹1000 प्रति सप्ताह तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। एनफोर्समेंट टीम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पार्षद ने कहा कि कई बार कर्मचारी जानबूझकर देरी से कार्रवाई करते हैं, जिससे अवैध वेंडर्स मौके से हट जाते हैं और अभियान प्रभावी नहीं हो पाता।

उन्होंने कहा कि वैध वेंडर्स को उचित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जबकि अवैध वेंडर्स मनमाने ढंग से कहीं भी काम कर रहे हैं। यह पूरी तरह गलत और नियमों के विपरीत है। पार्षद ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि अवैध वेंडर्स को हटाकर वैध वेंडर्स को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाना चाहिए, लेकिन इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। इसके अलावा उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि स्टे के आधार पर जिन वेंडर्स को स्थान आवंटित किए गए हैं, उनमें कई अनरजिस्टर्ड लोग शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि उन्हें किस आधार पर अनुमति दी गई। बैठक के दौरान पार्षद ने मेयर से सीधा सवाल करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों से 'जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन' की नीति की बात की जा रही है, लेकिन न तो अवैध वेंडर्स की समस्या खत्म हुई और न ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा। उन्होंने पूछा कि इस नीति का वास्तविक प्रभाव आखिर क्या रहा है। अंत में जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि पूरा मामला एनफोर्समेंट में पारदर्शिता की कमी, संभावित भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि इस पर तुरंत सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# लूट व मारपीट मामले का फरार आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से दबोचा, विदेश भागने की साजिश फेल

## थाईलैंड भागने की कोशिश नाकाम, आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया



पंचकूला/यूटर्न/11 अप्रैल। पंचकूला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूट और मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-14 पंचकूला में दर्ज लूट व मारपीट से संबंधित मुकदमे में आरोपी मुकेश कुमार निवासी मोहाली (पंजाब) की गिरफ्तारी लंबे समय से लंबित थी, जिसके चलते उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (LOC) जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार आरोपी मुकेश कुमार विदेश (थाईलैंड) भागने की फिराक में छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई से उड़ान भरने की कोशिश कर रहा था, जिसे इमिग्रेशन विभाग ने रोककर काबू किया। सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस पोस्ट सैक्टर - 16 की टीम, एएसआई रमन कुमार व मुख्य सिपाही नीरज कुमार के नेतृत्व में तुरंत मुंबई पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 14 जनवरी 2025 को राजीव कॉलोनी पंचकूला में एक युवक और उसके दोस्तों के साथ मारपीट कर करीब 1,20,600 रुपये व अन्य सामान छीन लिया था। मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत भेजे जा चुके है, जबकि आरोपी मुकेश कुमार फरार चल रहा था। आरोपी को आज माननीय न्यायालय पंचकूला में पेश किया गया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और लूट की रकम की रिकवरी की जा सके। इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि, पंचकूला पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। कोई भी आरोपी कानून से बच नहीं सकता, चाहे वह देश में कहीं भी छिपा हो या विदेश भागने की कोशिश करे। हमारी टीम हर स्तर पर समन्वय स्थापित कर ऐसे अपराधियों को पकड़ने में सक्षम है।

# पंजाब पुलिस असल में आप विधायकों की बनी हुई है कठपुतली

## आप द्वारा भाजपा कार्यकताओं पर किए झूठे पर्चे अगर वापस नहीं लिए गए, तो भाजपा करेगी धरना प्रदर्शन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। भाजपा के स्थानीय कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान व पंजाब महामंत्री अनिल सरीन द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई । प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष जतिंद्र मित्तल, कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंगल, जिला महामंत्री यशपाल जनोत्रा, पार्षद रोहित सिक्का, जिला प्रेस सचिव डा. सतीश कुमार मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अनिल सरीन ने कहा कि जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है।तब से पंजाब में कानून व्यवस्था की हालत चिंताजनक बनी हुई है।आप सरकार पर बरसते हुए अनिल सरीन ने कहा कि मौजूदा हालत



में आज पंजाब पुलिस असल में आप विधायकों की कठपुतली बनी हुई है। इसे पंजाब पुलिस कहने की जगह आप सरकार की पिट्ठू पुलिस कहना तर्कसंगत है। सरीन ने कहा कि आप विधायकों के कहने पर भाजपा के कार्यकताओं पर झूठे पर्चे दर्ज कर उनका मनोबल गिराने की कोशिश की जा रही है। जब से नगर निगम का हाउस बना है। भाजपा के पार्षदों और उनके घरवालों पर झूठे पर्चे डाले जा रहे हैं।गत दिनों नगर निगम की बैठक के दौरान उनके पार्षदों द्वारा उठाए सवालों के जवाब पूछने पर उनको डराया और धमकाया गया। जब उनके पार्षदों द्वारा इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर डाली गई तो विधायक ने पुलिस द्वारा उनके पार्षद पर वीडियो डिलीट करने का दवाब बनाया और उस पर झूठा पर्चा करवाया गया ।भाजपा जिला अध्यक्ष धीमान ने कहा कि आप सरकार बनी है तब से पंजाब वासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा हर रोज सरेआम गुंडागर्दी देखने को मिल रही है। धीमान ने कहा कि आप द्वारा भाजपा के 5-6 कार्यकताओं पर झूठें पर्चे दर्ज करवाए है जो कि बिल्कुल गलत है। जिला अध्यक्ष धीमान में कहा कि आप विधायक सत्ता के नशे में चूर होकर ऐसे घिनौने कार्य कर रहे है।उन्होंने पुलिस कमिश्नर से मांग की कि कानून व्यवस्था बनाते हुए उनके कार्यकताओं पर किए झूठे पर्चे वापिस लिए जाए अन्यथा आने वाले दिनों में भाजपा अपने कार्यकताओं के साथ सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी आप सरकार और पुलिस प्रशासन की होगी।

# चंडीगढ़ पुलिस की एंटी सोशल एलिमेंट्स के खिलाफ विशेष मुहिम, 10.40 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक युवक को 10.40 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल (22) निवासी स्मॉल फ्लैट, मलोया, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। यह कार्रवाई यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर की गई। अभियान की निगरानी एसपी सिटी केएम प्रियंका और




एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार के सुपरविजन में थाना सेक्टर-39 के एसएचओ राजीव कुमार की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को रात करीब 9:15 बजे एसआई रविंदर सिंह अपनी टीम के साथ सेक्टर-38 डिस्पेंसरी के पास गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी राहुल को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके संबंध में वह कोई वैध परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। इस संबंध में थाना सेक्टर-39 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India





पेज 06 शिवालिक विहार में कई लोग भाजपा में शामिल...


# शहर के कई नामी रेस्त्रां में पानी के नाम पर लूट, 20 रुपए की बोतल की जगह जबरन थमा रहे 200 रुपए वाली

## रेस्तां मालिक अपनी कमाई के चक्कर में ग्राहकों का कर रहे शोषण, प्रशासन बेखबर

**मिलन**

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। स्मार्ट सिटी लुधियाना के पॉश इलाकों सराभा नगर और साउथ सिटी के कई रेस्टोरेंट्स में इन दिनों एक नई प्रवृत्ति देखने को मिल रही है, जहां ग्राहकों को पीने के पानी के नाम पर केवल महंगे विकल्प ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हाल ही में सामने आए एक बिल में 195 रुपए की पानी की बोतल चार्ज की गई, जबकि सस्ती बोतल का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं था। इस स्थिति ने उपभोक्ताओं के अधिकारों और रेस्टोरेंट्स की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन इलाकों में पहले से ही खाने-पीने की हर वस्तु अत्यधिक महंगी दरों पर उपलब्ध होती है, लेकिन अब पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता भी ऊंची कीमतों पर ही उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राहकों का कहना है कि जहां एक ओर वे महंगे भोजन के लिए तैयार रहते है वहीं दूसरी ओर पानी के लिए कोई किफायती विकल्प न होना उन्हें असहज स्थिति में डाल देता है। ताजा मामला सराभा नगर के ब्लॉक-जे में नगर निगम ऑफिस की रोड पर पड़ते एक नामी रेस्त्रां का सामने आया है। जहां ग्राहक को 20 रुपए वाली पानी की बोतल तो दी नहीं बल्कि नॉर्मल बोतल के 200 रुपए चार्ज कर लिए हैं।



Medusa -BAJAJ HOSPITALITIES

Medusa - IRON CHEF
8 J SARABHA NAGAR LUDHINA
Phone:8699000479
VAT:03202219497
GSTIN:03ABFPB2020D2ZU

MEDUSA SKY
No : SE /2025-26 Date : , 2026
Table : 56 (Dk) Time : 06:59 pm

| ITEM | PRICE | GST | QTY | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| Farmhouse Pizza (996331) | 895.00 | 5% | 1 | 895.00 |
| Himalayan water | 195.00 | 5% | 1 | 195.00 |
| Total : | | | 2 | 1090.00 |

CGST 2.50% on 1090.00 : 27.26
SGST 2.50% on 1090.00 : 27.26
Rounded Off : 0.48

Grand Total : 1145.00

* Thanks for your kind visit *

रेस्त्रां मालिक द्वारा बिल में जोड़ी 200 वाली पानी की बोतल




रेस्त्रां की मनमानी: पानी के नाम पर जेब ढीली, ₹20 की बोतल बनी ₹200 का 'प्रीमियम' कार्टन।

### पहले होते थे विकल्प उपलब्ध

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले रेस्टोरेंट्स में अलग-अलग कीमतों के पानी के विकल्प उपलब्ध रहते थे, जिससे ग्राहक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार चयन कर सकता था, लेकिन अब कई स्थानों पर केवल महंगे और तथाकथित प्रीमियम पानी ही परोसा जा रहा है। ऐसे में ग्राहक के पास महंगी बोतल खरीदने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता, जिससे यह स्थिति एक तरह की मजबूरी बन जाती है।

### अधिक मूल्य वसूल करना अवैध

कानून के अनुसार पैकेज्ड पानी पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक वसूली करना अवैध है, लेकिन रेस्टोरेंट्स को यह स्वतंत्रता दी गई है कि वे अपने मेन्यू में कौन-से उत्पाद रखें। यही कारण है कि अधिक कीमत वाले पानी को मेन्यू में रखना तो कानूनी माना जा सकता है, परंतु सस्ते विकल्पों को पूरी तरह हटाना उपभोक्ता हितों के विरुद्ध माना जा रहा है और इस पर सवाल उठने लगे हैं। शहर के इन पॉश इलाकों में इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन स्पष्ट नियमों के अभाव में इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वर्तमान नियम केवल अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक वसूली को नियंत्रित करते हैं, जबकि उपभोक्ताओं को विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराना अभी तक अनिवार्य नहीं किया गया है।

### किफायती विकल्प हटाना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन - एडवोकेट सुभद्रा



एडवोकेट सुभद्रा ने कहा कि यदि कोई रेस्टोरेंट जानबूझकर सस्ते विकल्प हटाकर केवल महंगे विकल्प ही उपलब्ध कराता है, तो यह उपभोक्ता की स्वतंत्र पसंद को सीमित करता है। ऐसी स्थिति उपभोक्ता संरक्षण कानून के अंतर्गत अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आती है, क्योंकि इससे ग्राहक को अप्रत्यक्ष रूप से महंगा उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पानी जैसी आवश्यक वस्तु में किफायती विकल्प न देना उपभोक्ता के चयन के अधिकार का उल्लंघन माना जाना चाहिए। पानी जैसी आवश्यक वस्तु में किफायती विकल्प का अभाव उपभोक्ता के चयन के अधिकार को प्रभावित करता है और इस पर नियामक स्तर पर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थितियों को रोका जा सके।

# पार्षद नीरज आहूजा बने रेवेन्यू एडवाइजरी कमेटी मेंबर, बिल्ला पुलिस एडवाइजरी कमेटी मेंबर नियुक्त



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। राज्य सरकार द्वारा लोकल स्तर पर आम जनता की समस्याओं के समाधान को आसान बनाने के उद्देश्य से विभिन्न एडवाइजरी कमेटियों का गठन किया है। इसी कड़ी के तहत नगर निगम के पार्षद नीरज आहूजा को रेवेन्यू विभाग की एडवाइजरी कमेटी का मेंबर नियुक्त किया है। इसके अलावा गुरप्रीत सिंह बिल्ला को पुलिस एडवाइजरी कमेटी में मेंबर बनाया गया है। इस दौरान कमेटी के सदस्यों को आधिकारिक कार्ड भी वितरित किए गए। नीरज आहूजा ने अपनी नियुक्ति पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए विशेष तौर पर विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और रेवेन्यू विभाग से संबंधित जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रशासन और आम लोगों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है और वह इस दिशा में पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# काला गली - लुधियाना आर्ट फेस्टिवल : लुधियाना में युवा कला अभिव्यक्ति का भव्य मंच



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। काला गली 2026 का भव्य उद्घाटन साउथेंड गार्डन में किया गया। एनजीओ इनीशिएटर्स ऑफ चेंज द्वारा आयोजित और ब्रिलिको के सहयोग से नगर निगम लुधियाना के साथ मिलकर आयोजित यह अनोखा कला उत्सव युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और रचनात्मक समुदाय से जुड़ने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने किया। उनके साथ मनीत दीवान फाउंडर, सिटी नीड्स, सुनील नंदा फाउंडर, ब्रिलिको इंस्टीट्यूट्स और साहिल अग्रवाल साउथ एंड गार्डन भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मोहम्मद उस्मान लुधियानवी (शाही इमाम पंजाब) और महंत परवीन चौधरी (मां बगलामुखी धाम) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए संस्थापक गौरवदीप सिंह, मिथिल गोयल एवं प्रेम सिंह ने इस पहल के पीछे अपनी सोच साझा की। गौरवदीप सिंह ने कहा कि काला गली 2026 एक अनूठी पहल है और लुधियाना के सबसे बड़े कला उत्सवों में से एक है, जिसमें 15 से 25 वर्ष की आयु के 120 से अधिक युवा कलाकार भाग ले रहे हैं। इसमें पेंटिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट, कैलिग्राफी, रेज़िन आर्ट, नेल आर्ट, क्रोशे आर्ट, थ्रेड आर्ट, नीडल आर्ट, हैंडमेड गिफ्टिंग और 3D आर्ट जैसी विविध कला विधाएं शामिल हैं।

# नगर निकाय चुनावों के लिए वोटर लिस्ट संशोधन का शेड्यूल जारी

## 15 अप्रैल को ड्राफ्ट लिस्ट, 5 मई को फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी

जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के आगामी आम और उपचुनावों को लेकर वोटर लिस्ट (इलेक्टोरल रोल) के संशोधन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग ने सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित शेड्यूल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

जारी आदेश के अनुसार, राज्य के विभिन्न नगर निगमों जैसे बरनाला, बठिंडा, अबोहर, बटाला, होशियारपुर, कपूरथला, मोगा, एस.ए.एस. नगर और पठानकोट सहित 104 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में वोटर लिस्ट का संशोधन किया जाएगा।

### यह रहेगा पूरा कार्यक्रम

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन: 15 अप्रैल 2026
दावे और आपत्तियां: 17 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026
(20 और 21 अप्रैल को विशेष अभियान)
दावे/आपत्तियों का निपटारा: 30 अप्रैल 2026 तक
फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन: 5 मई 2026

### 23 अप्रैल होगी पात्रता की कट-ऑफ डेट

आयोग के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नागरिक वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के पात्र होंगे। इसके लिए संबंधित कार्यालयों में आवेदन फॉर्म उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

**जनता के लिए निरीक्षण की सुविधा...** ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट को आम जनता के निरीक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन अधिकारी के कार्यालय, संबंधित नगर निकाय कार्यालय और अन्य निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**आयोग को देनी होगी सूचना...** ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट के प्रकाशन की सूचना तुरंत राज्य चुनाव आयोग को भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस पूरी प्रक्रिया के जरिए राज्य में नगर निकाय चुनावों को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।

**रजिस्ट्रेशन अधिकारी की होगी जिम्मेदारी...** निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट के संशोधन की पूरी जिम्मेदारी रजिस्ट्रेशन अधिकारी की होगी। उन्हें Punjab Municipal Election Rules, 1994 के तहत निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

# हरियाण में किसानों ने 5 जिलों में जाम लगाया, हांसी में कृषि मंत्री बोले- इससे सरकार को फायदा हुआ

हरियाणा/यूटर्न/11 अप्रैल। हरियाणा में रबी सीजन में फसलों की खरीद के नए नियमों के विरोध में शनिवार को किसान संगठनों ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कई जिलों में प्रदर्शन किया। किसान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अनाज मंडियों और हाईवे पर बैठे। शाम को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा हांसी अनाज मंडी में फसल खरीद का जायजा लेने पहुंचे। इसके बाद मीडिया से बातचीत में किसानों के सड़क जाम पर मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा- आज चार घंटे किसानों ने मंडी में गेहूं आने से रोकी। इतने मंडी में गेहूं की लिफ्टिंग हो गई। मैं इसे फायदेमंद ही समझता हूं। इससे फायदा ही हुआ नुकसान नहीं। उन्होंने आगे कहा कि अगर हम कहेंगे तो वे नाराज हो जाएंगे कि मंडी में आने से रोक दिया। किसान यूनियन ऐसा करती है तो हमें ऐतराज नहीं है। किसान यूनियन वैसे तो किसानों के फायदे के लिए काम करती है, लेकिन उसमें सरकार का भी फायदा है।




## हांसी में टोल कब्जाया, हिसार में पुलिस से नोकझोंक


हांसी में रामायण टोल पर किसानों ने कब्जा कर सभी लेन बंद करा दी है। मौके पर पहुंचे ऊरढ से किसानों की बहस भी हुई। किसानों ने प्राइवेट बसों को टोल से ही वापस लौटा दिया। वहीं हिसार में नेशनल हाईवे पर जाम लगाने पहुंचे किसानों की पुलिस से नोकझोंक हुई। यहां रोडवेज बस सहित कई वाहन दो घंटे तक फंसे रहे। कुछ यात्री बस से उतरकर पैदल ही चल दिए। उधर, करनाल के असंध में 709-अ और सोनीपत में रतनगढ़ गांव के सामने किसानों ने रास्ता बंद कर दिया। फतेहाबाद के रतिया में भी किसानों ने रास्ता जाम किया। यहां किसानों ने एम्बुलेंस के लिए रास्ता छोड़ा था। निकलते समय एम्बुलेंस साइड से ट्राली से टकरा गई, जिसमें एम्बुलेंस का शीशा टूट गया। रोहतक, भिवानी, पानीपत, कैथल, यमुनानगर और पंचकूला में भी किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि सरकार की ओटीपी जैसी शर्तें नाजायज हैं।

## भाजपा ने हल्का साहनेवाल से सन्नी मलिक को पंजाब किसान मोर्चा का सचिव नियुक्त किया



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के मेहनती कार्यकताओं को सम्मान देने की कड़ी के तहत सन्नी मलिक को किसान मोर्चा पंजाब का सचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए गुरचरण सिंह राजपूत (साहनेवाल) ने सन्नी मलिक का मुंह मीठा करवाया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर गुरचरण सिंह राजपूत ने कहा कि सन्नी मलिक की नियुक्ति से पंजाब में किसान मोर्चे को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सन्नी मलिक लंबे समय से पार्टी के लिए समर्पित होकर काम कर रहे हैं और उनकी मेहनत को देखते हुए ही पार्टी हाईकमान ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नव-नियुक्त सचिव सन्नी मलिक ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर अन्य लोगों में साहनेवाल सर्कल प्रधान विनय कुमार भोलू, कूमकलां सर्कल प्रधान सुखदेव सिंह भमां, श्री भैणी के प्रधान लखवीर सिंह बंपी, मंगल सिंह कालेवाल (वाइस प्रधान, सर्कल कूमकलां), हरजीत सिंह और अजेपाल सिंह भी उपस्थित थे।

## विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत का निधन, मुख्यमंत्री समेत नेताओं ने जताया शोक



गुरुग्राम/यूटर्न/11 अप्रैल। हरियाणा के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत का शनिवार को निधन हो गया। वे गुरुग्राम में रहते थे। हरियाणा राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे गहलोत गुरुग्राम क्षेत्र से विधायक रह चुके थे और एक स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में भी सदन पहुंचे थे। इनेलो में लंबे समय तक वरिष्ठ नेता के रूप में कार्यरत गहलोत बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हरियाणा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका विनम्र स्वभाव और जनहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

गोपीचंद गहलोत ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के पद पर अपनी सेवाएं दीं और राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न चुनावों में उनकी सक्रियता रही। गहलोत के निधन से हरियाणा की राजनीतिक में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर पूर्व सहयोगी और विभिन्न दलों के नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। वे सादगी और जनसेवा के लिए जाने जाते थे।

## पिटाई की वीडियो वायरल होने पर हुई फाइनेंसर की हत्या, गांव के ही युवक से झगड़ा हुआ

झज्जर/यूटर्न/11 अप्रैल। हरियाणा के झज्जर में फाइनेंसर साहिल हत्याकांड में खुलासा हुआ है। शनिवार को DCP धारणा यादव ने बताया कि गांव के ही योगी नाम के युवक से साहिल का कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। इस झगड़े की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। ऊढढ ने आगे बताया, वीडियो सामने आने के बाद योगी बेइज्जती महसूस कर रहा था। इसके बाद गांव के ही एक दोस्त के साथ मिलकर उसने साहिल के मर्डर का प्लान बनाया। इसके लिए उन्होंने मध्य प्रदेश के शिवम नाम के युवक को चुना। तीनों ने 8 अप्रैल को डीघल में



साहिल की गोली मारकर हत्या कर दी। साहिल उस दौरान बैठक में दोस्तों के साथ बैठकर ताश खेल रहा था। तभी स्कॉर्पियो में आए योगी ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब 20 राउंड फायर किए। ऊढढ धारणा यादव ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि साहिल हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को नोएडा के सेक्टर 37 से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मूल रूप से मध्यप्रदेश का रहने वाला है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मारपीट की वीडियो वायरल की

ऊढढ ने आगे बताया कि साहिल की डीघल गांव के ही योगी नाम के युवक से मारपीट हुई थी। मारपीट की वीडियो साहिल ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। जिसके बाद से ही योगी गांव में अपनी बेइज्जती महसूस करने लगा। इसके बाद ही उसने साहिल के मर्डर का प्लान बनाना शुरू कर दिया। ऊढढ के अनुसार, योगी ने गांव के लीला नाम के युवक के साथ मिलकर साहिल की पूरी डिटेल निकालनी शुरू कर दी। इसके बाद इनकी शिवम से मुलाकात हुई। दोनों ने शिवम को भी अपने प्लान में शामिल कर लिया। जिसके बाद बुधवार (8 अप्रैल) को साहिल की हत्या कर दी गई।

## मासूम शर्मा ने स्टेज से फिर गालियां दीं, देहरादून शो में बोले- गुंडा मारने आया



सोनीपत/यूटर्न/11 अप्रैल। हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा ने एक बार फिर स्टेज पर गाली दी। शनिवार को वह उत्तराखंड के देहरादून में ऊभ्रश कॉलेज में शो करने पहुंचे थे। इस दौरान, मासूम ने मंच से कहा कि कोई गुंडा मुझे मारने के लिए आया था। मैंने उसे कहा कि मैं देहरादून में प्रोग्राम कर रहा हूं, अगर तेरे में दम है तो यहां आ। हरियाणा छोड़कर यहां आ, टाइम रख ले। इस दौरान मासूम ने मंच से ही गालियां भी दीं। इस लाइव प्रोग्राम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। उनके जाने के बाद मासूम शर्मा मंच पर भड़क गए, जिसका वीडियो भी सामने आया। विवाद के बाद मासूम ने वीडियो जारी कर घटना के बारे में बताया और माफी भी मांगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह बदमाश कौन है।

### बदमाश चक्कर काट रहा था

मासूम शर्मा ने वीडियो जारी कर कहा, मैं शो करने के लिए देहरादून आया हुआ था और पिछली रात से यहीं एक होटल में रुका हुआ था। यहां एक बदमाश चक्कर काट रहा था। मेरी टीम ने भी मुझे इस बारे में बताया था, लेकिन पहले मुझे लगा कि वह यूं ही घूम रहा है।



पेज 12 यूएस और ईरान के बीच पाकिस्तान में ऐतिहासिक ...

# चंडीगढ़ की आलीशान कोठियों में रह सकेंगे टूरिस्ट, महंगे होटलों का खर्च बचेगा, कोठी मालिक को होगी कमाई

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। चंडीगढ़ आने वाले टूरिस्टों को अब महंगे होटलों का खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। वह चंडीगढ़ की आलीशान कोठियों में ठहर सकेंगे। यही नहीं, कोठी मालिकों को इससे न केवल कमाई होगी बल्कि उन्हें घरेलू दरों पर ही टैक्स और बिजली बिल देना होगा। घर को ह्यकमर्शियलह्न इकाई नहीं माना जाएगा। इसके लिए चंडीगढ़ प्रशासन ह्यबेड एंड ब्रेकफास्टह्न स्कीम शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। प्रशासन 14 अप्रैल तक लोगों से इस संबंध में सुझाव मांगेगा। इसके बाद मंजूरी मिलने पर इस योजना को लागू किया जाएगा।



## किराए की लिस्ट स्पष्ट होनी चाहिए

कमरा पूरी तरह से साफ-सुथरा, रहने लायक और अच्छी मरम्मत की स्थिति में होना चाहिए। साथ ही, आग से सुरक्षा के सभी जरूरी नियमों का पालन करना भी अनिवार्य है। मकान मालिक को मेहमानों को दी जाने वाली सुविधाओं और उनके किराए (रेट) की सूची साफ तौर पर प्रदर्शित करनी होगी।

## 8 कमरे किराए पर दे सकेंगे

पॉलिसी के ड्राफ्ट में घर के साइज को लेकर कोई खास शर्त नहीं रखी गई है। इसमें साफ कहा गया है कि एक मकान मालिक अपने घर में मेहमानों के लिए अधिकतम 8 कमरे किराए पर दे सकता है। घर पूरी तरह से रिहायशी होना चाहिए और बाहर से बिल्कुल सामान्य मकान जैसा ही दिखना चाहिए।

## पार्किंग, फर्नीचर जरूरी, 2 बेड ही रखे जा सकेंगे

मकान छोटा हो या बड़ा, हर बेडरूम के साथ अटैच्ड बाथरूम होना जरूरी है। उसमें वेस्टर्न टॉयलेट होना चाहिए। इसके अलावा, घर के अंदर या आसपास मेहमानों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए और कमरों में हवा और रोशनी का अच्छा इंतजाम भी होना चाहिए। कमरे में मेहमानों के लिए जरूरी और आरामदायक फर्नीचर होना चाहिए। एक कमरे में अधिकतम दो बेड रखे जा सकते हैं, लेकिन साथ आए बच्चों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की जा सकती है।

# चंडीगढ़ में श्री पुंडरिक गोस्वामी की श्रीमद्भागवत कथा से पहले भूमि पूजन संपन्न, आज निकलेगी कलश यात्रा





चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। चंडीगढ़ में एक पावन और आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है, बरसाना प्रकट उत्सव श्री राधा रस भागवत कथा। जहां 12 अप्रैल से सात दिन की श्रीमद्भागवत कथा कही जाएगी और पहली बार चंडीगढ़ सेक्टर 17 सर्कस ग्राउंड में बरसाना प्रकट उत्सव होगा।

यह कथा पुण्डरीक स्वामी द्वारा कही जाएगी, जो अपनी गहरी भक्ति और प्रेरणादायक वचनों के लिए जाने जाते हैं। कथा से एक दिन पहले, भूमि पूजन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सेक्टर 17 सर्कस ग्राउंड को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। कथा से ठीक पहले।

आज 12 अप्रैल को, एक कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें भक्तगण कलश लेकर पूरे शहर में भक्ति भाव से चलेंगे। यह आयोजन सभी के लिए एक दिव्य और आध्यात्मिक अनुभव होगा, जिसे हर कोई अपने मन में बसाएगा।

इस कथा का विशेष महत्व है क्योंकि यह पहली बार है कि ?सुनने और बोलने में असक्षम बच्चे?भी इस कथा में शामिल होंगे, और उनके लिए एक ट्रांसलेटर भी मौजूद होंगे, जो कथा की भाषा को उन्हें समझाएंगे। कथा स्थल पर कदम के पेड़ से लेकर एक परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा, साथ ही दो यमुना कुंड भी निर्मित किए जा रहे हैं। अष्ट सखियों के मंदिर और ब्रज की विशेष रज भी इस कथा में शामिल की गई है, जो इसे और भी आध्यात्मिक और अनोखा बना रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान एक खास पहल भी की जाएगी। राहुल महाजन, ऑर्गेनिक शेर फाउंडेशन की ओर से, पाँच हजार पौधे वितरित किए जाएंगे, जो इस कथा का एक विशेष हिस्सा होंगे और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देंगे। सात दिन का यह आध्यात्मिक कार्यक्रम 18 अप्रैल तक चलेगा और रोज शाम 4:00 बजे से रात 8:00 बजे तक होगा। सभी भक्तों के लिए एंट्री फ्री होगी। कथा का आयोजन गौरी शंकर सेवादल गौशाला, सेक्टर 45 चंडीगढ़, तेजस्विनी फाउंडेशन पंचकूला और ट्रेस लाउंज द्वारा श्रद्धा के साथ किया जा रहा है, जिसमें ट्राइसिटी के कई सामाजिक और धार्मिक संगठन हिस्सा ले रहे हैं।

आज भूमि पूजन के अवसर पर हर्ष शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल महाजन, रजनीश शर्मा, विक्रम चोपड़ा, सुमित शर्मा, रमेश शर्मा, अजय गुप्ता, सुनील अरोड़ा, सुनील शर्मा, टेक चंद, कमल गुप्ता और निमाई पाठशाला के बच्चे मौजुद रहे जिन्हें अपनी जिम्मेदारी संभाली।

# पंजाब किंग्स 6 विकेट से IPL मैच जीता, कप्तान श्रेयस की फिफ्टी, अर्शदीप को सीजन का पहला विकेट मिला

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। मोहाली के महाराजा यादविंदर सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (मुल्लांपुर) में आज खेला गया मुकाबला पंजाब किंग्स (PBKS) ने जीत लिया है। पंजाब ने सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) को 6 विकेट से शिकस्त दी। पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (69), प्रभसिमरन सिंह (51) और प्रियांश आर्या (57) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनमें कप्तान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, अर्शदीप सिंह को सीजन का पहला विकेट भी आज के मैच में ही मिला। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 219 रन बनाए थे। पंजाब ने 220 रनों के टारगेट को 7 गेंद शेष रहते चेज कर लिया। मैच देखने पंजाब के साथ हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और इंग्लैंड, यूरोप से भी फैंस पहुंचे थे। स्टेडियम में एंट्री शुरू होते ही भीड़ जमा हो गई। अमृतसर से आए राम कुमार की टिकट को लेकर पुलिस से बहस हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी ने पहले चेकिंग के बहाने टिकट मांगी और रख ली, बाद में देने से इनकार कर दिया। वह टिकट ब्लैक कर रहे हैं।



# जीएचजी अकादमी में कविता लेखन गतिविधि आयोजित



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/अप्रैल। जी.एच.जी अकादमी, जगरांव ने 8वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक रचनात्मक कविता-लेखन गतिविधि का आयोजन किया, जिसमें उन्हें अपनी कल्पनाओं को उड़ान देने और अपनी सोच को कविताओं के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रकृति, सपने, सामाजिक मुद्दे और व्यक्तिगत अनुभवों जैसे विभिन्न विषयों पर अपनी-अपनी कविताएँ रचने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों के साहित्यिक कौशल को निखारना और कविता के प्रति उनकी समझ व सराहना को और गहरा करना था। छात्रों का मार्गदर्शन करने में शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई; उन्होंने तुकबंदी, लय और बिंब-विधान जैसी काव्य-तकनीकों पर छात्रों को जरूरी सुझाव दिए। कई प्रतिभागियों ने बताया कि इस गतिविधि ने उन्हें अपनी भावनाओं और विचारों को एक अनोखे और सार्थक तरीके से साझा करने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक माहौल में हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। इस गतिविधि में जोरावर हाउस ने प्रथम स्थान, फतेह हाउस ने द्वितीय स्थान और जुझार हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन स. गुरमेल सिंह मल्ही जी और प्रधानाचार्या श्रीमती रमनजोत कौर ग्रेवाल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल छात्रों में आत्मविश्वास जगाने, उनके भाषाई कौशल को बेहतर बनाने और उनकी रचनात्मकता को पोषित करने में सहायक होती हैं।

Happy Birthday



Saaket Malhotra

# रूह से रूबरू





चारु नागपाल

## मरने वालों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

10 अप्रैल को यमुना जी में नाव पलटने से 10 तीर्थ यात्रियों की दुखद मृत्यु ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है–क्या इस हादसे की जिम्मेदारी कोई लेगा? यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि नाव में न तो जीवन रक्षक जैकेट (लाइफ जैकेट) उपलब्ध थीं और न ही यात्रियों की संख्या पर कोई नियंत्रण रखा गया था। जब लोग आस्था के साथ तीर्थ यात्रा पर निकलते हैं, तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और नाव संचालकों की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस मामले में साफ दिखता है कि नियमों की अनदेखी की गई। क्षमता से अधिक लोगों को नाव में बैठाना, सुरक्षा उपकरणों की कमी और निगरानी का अभाव ये सभी मिलकर इस हादसे के कारण बने।

प्रश्न यह उठता है कि क्या संबंधित अधिकारियों और नाव संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी समय के साथ भुला दिया जाएगा? ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम, नियमित जांच और जिम्मेदारी तय करना बेहद जरूरी है। वरना हर हादसे के बाद केवल शोक व्यक्त करना ही हमारी नियति बन जाएगी।

अब समय है कि जवाबदेही तय हो और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जाए।

# श्री दंडी स्वामी मंदिर में रविवार को श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल अमृतसर द्वारा हरिनाम संकीर्तन



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। लुधियाना के सिविल लाइन्स स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में रविवार को भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिलेगा। पंडित राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन में श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, अमृतसर मुख्य रूप से भाग लेगा।इस अवसर पर जतिन मेहरा जी, आदित्य भैया जी और राजन बाली जी अपनी मधुर भजन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। संकीर्तन में बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है, जो प्रभु नाम का रसास्वादन कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करेंगे।

# शिवालिक विहार में कई लोग भाजपा में शामिल, शिवालिक विहार में कई लोग भाजपा में शामिल



जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। हल्का डेराबस्सी के वार्ड नंबर-27 स्थित शिवालिक विहार में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से जॉइनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट के दिशा-निर्देश पर भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू की अगुआई में कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान स. रणजीत सिंह मान के नेतृत्व में कई लोगों ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। इनमें वरिंदर कोछड़, दविंदर सिंह, धर्म पाल सिंह, मुकेश गुलेरी, अभिषेक नेगी, ए.के. सैनी, प्रमिला कुमारी, आर.एम. शर्मा, कृष्ण अवतार सिंह, गुरप्रीत सिंह और प्रभ कुमार अपने साथियों सहित शामिल रहे। भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू और मंडल अध्यक्ष राशि ईयर ने पार्टी में शामिल हुए सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिल रही है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Passport Police Inquiry में क्या ध्यान रखें?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

पासपोर्ट बनवाते समय Police Verification एक महत्वपूर्ण चरण होता है, जिसमें छोटी-सी गलती भी आवेदन को प्रभावित कर सकती है।

इस प्रक्रिया में पुलिस आपके दिए गए पते (address) और पहचान की जांच करती है।

यदि आपके दस्तावेजों में दिया गया पता और वास्तविक निवास अलग-अलग है, तो verification में समस्या आ सकती है। उदाहरण के तौर पर, कई लोग पुराने पते पर पासपोर्ट आवेदन कर देते हैं, जबकि वे किसी अन्य स्थान पर रह रहे होते हैं। इससे verification negative हो सकता है।

यह भी जरूरी है कि सभी दस्तावेज—जैसे आधार, बिजली बिल, या किरायानामा—आपके वर्तमान पते से मेल खाते हों।

कई बार लोग पुलिस के आने पर उपलब्ध नहीं होते या आवश्यक दस्तावेज तैयार नहीं रखते, जिससे प्रक्रिया में देरी होती है।

निष्कर्ष : Passport Police Verification में छोटी-छोटी सावधानियां ही बड़े परिणाम तय करती हैं। सही पता, सही दस्तावेज और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है।

# आर्ट फेस्टिवल में जेएसबी एसेंस ने लिया हिस्सा, हैंड मेड चीजों की हर तरफ हो रही तारीफ



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। लुधियाना के साउथ एंड गार्डन में कला गली आर्ट फेस्टिवल में जेएसबी एसेंस की और से भी हिस्सा लिया गया। जेएसबी एसेंस द्वारा बनाई गई हैंड मेड चीजों की हर तरफ तारीफ होती दिखी। दरअसल, जेएसबी एसेंस की फाउंडर गुरलीन कौर की और से अपने हाथों से बाथ शाल, कैंडल व पेडिंग तैयार की। उन्होंने न इन्हें अच्छे से तराशा बल्कि ऐसा रंग दिया कि एक बार तो कोई भी देखकर दंग रह जाए। गुरलीन कौर ने बताया कि वह बेटैक की स्टडी कर रही है। पढ़ाई के साथ साथ उन्होंने कुछ हटकर करने की सोची। जिसके बाद उन्होंने अक्टूबर 2025 में इस आइडिया का आगाज किया और फिर बिजनेस शुरू किया। इस दौरान मोहन सिंह ने कहा कि आग की नई जनरेशन द्वारा स्टडी के साथ साथ बिजनेस किया जा रहा है, यह एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया समेत कई तरह की बुराइयां समाज में आ चुकी है। लेकिन यूथ द्वारा उन सब को साइड पर करके आगे बढ़ना, एक खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसी एग्जीबिशन और भी लगनी चाहिए। जिससे कला के लोगों को अपनी प्रदर्शनी के लिए एक मंच मिलता है। एग्जीबिशन में विधायक अशोक पराशर पप्पी भी मुख्य रुप से पहुंचे।

# गैस सिलेंडरों का खुला खेल, एजेंसी के बाहर खड़े ट्रकों से बड़ा हादसा कभी भी संभव

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। लुधियाना महानगर के बहादुरके रोड़ नजदीक स्थित न्यू दाना मंडी क्षेत्र में एक गैस एजेंसी के बाहर खुले में एलपीजी सिलेंडरों की हैंडलिंग और भंडारण का मामला सामने आया है। मौके पर लिए गए फोटो में साफ देखा जा सकता है कि सिलेंडरों से भरे ट्रक नियमित रूप से एजेंसी के बाहर खड़े रहते हैं और खुले सार्वजनिक क्षेत्र में ही सिलेंडरों की लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कोई अस्थायी व्यवस्था नहीं बल्कि रोजाना की प्रक्रिया बन चुकी है। सड़क के किनारे और खुले परिसर में बड़ी संख्या में सिलेंडर रखे जा रहे हैं, जहां आम लोगों की आवाजाही भी लगातार बनी रहती है। दोपहिया वाहन और राहगीर सिलेंडरों के बेहद करीब से गुजरते नजर आते हैं, जिससे किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ऐसे करके एजेंसी मालिकों द्वारा सैकड़ों लोगों की जानों को खतरे में डाला जा सकता है।



### पास में कमर्शियल इमारतें हैं मौजूद

सबसे गंभीर बात यह है कि उक्त स्थान के बिल्कुल साथ एक सरकारी बैंक भी स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिए आते-जाते हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में इस प्रकार गैस सिलेंडरों की खुले में हैंडलिंग और ट्रकों की नियमित मौजूदगी आम जनता की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### लाइसेंसी गोदामों में सिलेंडर किए जा सकते हैं स्टोर

नियमों के मुताबिक, एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण केवल लाइसेंस प्राप्त गोदाम में ही किया जा सकता है। गैस एजेंसी के बाहर खुले क्षेत्र में लगातार ट्रकों का खड़ा रहना और सिलेंडरों का वितरण करना सुरक्षा मानकों का उल्लंघन माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी लापरवाही न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि आम जनता के जीवन को भी खतरे में डालती है।

### संबंधित विभाग बने मूक

हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तुरंत जांच कर कार्रवाई की जाए और गैस एजेंसी को नियमों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

### पैसा बचाने के चक्कर में जिंदगियां दाव पर लगाई

वहीं चर्चा है कि गैस एजेंसी मालिकों द्वारा गोदाम लेकर वहां सिलेंडर स्टोर करने की जगह खुले में सिलेंडर रखे जा रहे हैं। गोदाम न लेकर गैंस एजेंसी मालिक द्वारा अपना पैसा तो बचा लिया जा रहा है, लेकिन दूसरी तरफ सैकड़ों जानों को खतरे में डाला जा रहा है।

# त्रिशला प्लस होम सोसायटी में तीन दिन से गैस सप्लाई ठप, 360 परिवार परेशान

## रसोई बंद, बाहर के खाने पर निर्भर हुए लोग; महिलाओं में भारी रोष

जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। पीर मुछल्ला स्थित त्रिशला प्लस होम सोसायटी में पिछले तीन दिनों से रसोई गैस की सप्लाई पूरी तरह बंद होने से हालात गंभीर हो गए हैं। करीब 360 परिवारों वाली इस बड़ी रिहायशी सोसायटी में लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, बीमार लोगों और स्कूल जाने वाले बच्चों को झेलनी पड़ रही है, जिनके लिए समय पर भोजन और दवाइयों की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। सोसायटी में एलपीजी गैस पाइपलाइन की सुविधा है, जिसके तहत एम.एस ननूवा गैस, जीरकपुर अधिकृत विक्रेता के रूप में कमर्शियल सिलेंडर सप्लाई करता है।

बताया जा रहा है कि गैस की कमी का हवाला देते हुए विक्रेता ने सप्लाई देने से इनकार कर दिया, जिससे पूरा सिस्टम ठप हो गया। अचानक आई इस रुकावट ने व्यवस्था पर कई



सवाल खड़े कर दिए हैं।

गैस की अनुपलब्धता के चलते घरों की रसोई बंद पड़ी है। कई परिवारों को मजबूरन बाहर से खाना मंगवाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी सामने आ रही हैं। खासकर छोटे बच्चों और मरीजों के लिए ताजा घर का खाना न मिलना बड़ी समस्या बन गया है।

इस संकट का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर देखने को मिल रहा है, जो घर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच खुद को असहाय महसूस कर रही हैं। सोसायटी में महिलाओं के बीच नाराजगी बढ़ती जा रही है और कई जगह इस मुद्दे को लेकर विरोध भी देखने को मिल रहा है।

निवासियों का कहना है कि अगर पहले से गैस कमी की जानकारी दे दी जाती तो वे वैकल्पिक इंतजाम कर सकते थे। लेकिन सप्लायर की ओर से अब तक गैस बहाली को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा या भरोसेमंद आश्वासन नहीं दिया गया, जिससे लोगों में गुस्सा और अनिश्चितता दोनों बढ़ रहे हैं।

> गैस की सप्लाई में पीछे से समस्या आ रही थी। हमने भारत गैस एजेंसी के उच्च अधिकारियों से बात की है। आज रात या कल सुबह तक गैस को बहाल करने की संभावना है।
>
> — अमरिंदर ननवा, एजेंसी मालिक

सोसायटी के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल सुविधा नहीं बल्कि बुनियादी जरूरत का मामला है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान हेमंत नेगी, अंकिता मल्होत्रा, मनोज शर्मा, के.के. कौल, भट्टाचार्य, जतिंदर वर्मा, मुनिश चाबड़ा, राजेंद्र वर्मा सहित आरडब्ल्यूए त्रिशला सोसायटी के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर समस्या के जल्द समाधान की मांग उठाई।

## छठी बार कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने विपन अरोड़ा



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। पंजाब प्रदेश कांग्रेस द्वारा विपन अरोड़ा को छठी बार विधानसभा सेंट्रल ब्लॉक-1 का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विपन अरोड़ा पहली बार वर्ष 2012 में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने थे और तब से लगातार संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के कई अध्यक्षों प्रताप सिंह बाजवा, कैप्टन अमरेन्द्र सिंह, सुनील जाखड़, नवजोत सिंह सिद्धू और वर्तमान अध्यक्ष राजा वड़िंग के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने का कार्य किया। पूर्व विधायक सुरिंदर डावर ने विपन अरोड़ा को छठी बार ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस मौके पार्षद अरुण शर्मा, पार्षद पति विक्की डावर, साहिल राजपूत, जय कृष्ण सरदाना, राजू दाई, राजीव कतना, सुरिंदर दत्त, दर्शन मल्होत्रा, अमित टंडन, गौरव कपूर, राहुल सुद, चंद्रपाल, राकेश वर्मा, लक्ष्मी कांत, मैकी तलवार, लव नाहर, लखमन कुमार, नितिन गर्ग, बाल कृष्ण पृथी, हैप्पी छतवाल, विनय बुद्धिराजा, अमित कुमार, विनय गणपति, पिंकी कपूर, घनश्याम चोपड़ा, विकास अरोड़ा, राजू ओबेरॉय, गौरव कपूर, चेतन अरोड़ा, रमेश बिट्टू आदि उपस्थित थे।

## राजिंदरा स्कूल का 8वीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। राजिंदरा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दुगापुरी हैबोवाल की आठवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या और स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिणाम में ऋद्धि ने 564 अंक (94%) के साथ प्रथम, दिव्या ने 560 अंक (93.3%) के साथ द्वितीय और मानवी ने 553 अंक (92.1%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महक शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके नाम रोशन किया



लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। लुधियाना के खालसा गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की महक शर्मा ने आठवीं की परीक्षा में फर्स्ट पोजीशन में 92 प्रतिशत हासिल करते हुए 600 में से 555 नंबर लेकर अपने स्कूल व इलाके का नाम रोशन किया है।

# प्रशासन की अनदेखी पर भड़के ई-रिक्शा चालक: 13 अप्रैल को जगरांव बस स्टैंड चौक जाम करने का ऐलान



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/अप्रैल। भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) पंजाब से संबंधित 'क्रांतिकारी ई-रिक्शा यूनियन' ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन के कार्यकताओं के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज होकर यूनियन ने आगामी सोमवार, 13 अप्रैल को शहर के मुख्य बस स्टैंड चौक पर चक्का जाम करने का निर्णय लिया है।

## क्या है पूरा मामला ?

यूनियन के नवनियुक्त प्रधान सतवंत सिंह बिल्ला ने बताया कि बीते दिनों यूनियन की कमेटी के सदस्य कुलदीप सिंह और मनप्रीत सिंह सिद्धू के साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई थी। आरोप है कि इस घटना में डीजल ऑटो (दशमेश यूनियन) के प्रधान बलराज सिंह उर्फ काला और उनके साथियों का हाथ था।

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

यूनियन नेताओं का कहना है कि : घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचित किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कई दिनों के बाद कार्यकर्ताओं ने थाने जाकर अपने बयान दर्ज करवाए, फिर भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस के ढुलमुल रवैये के कारण ई-रिक्शा चालकों में भारी रोष है।

## 13 अप्रैल को 'आर-पार' की लड़ाई

आज हुई विशेष बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि यदि न्याय नहीं मिला तो संघर्ष तेज किया जाएगा।
धरना स्थल: मेन बस स्टैंड चौक, जगरांव
समय: सोमवार (13 अप्रैल), सुबह से।

**समर्थन:** इस प्रदर्शन में 'क्रांतिकारी ई-रिक्शा यूनियन' के साथ-साथ भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) पंजाब के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। 'हमें मजबूरन यह कदम उठाना पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहा है। जब तक हमारे साथियों को इंसाफ नहीं मिलता और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# फॉरेस्ट ऑफिसर डेढ़ लाख रिश्वत लेता पकड़ा, करनाल में फार्म हाउस के रास्ते के नाम पर मांगे

करनाल/यूटर्न/11 अप्रैल। हरियाणा के करनाल में एक फॉरेस्ट ऑफिसर को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया है। अधिकारी फार्म हाउस के लिए रास्ता बना रहे किसान को डरा-धमकाकर पैसे मांग रहा था। असंध एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार देर रात आरोपी को पकड़ लिया। रातभर उससे पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि वह किसान पर पेड़ काटने का आरोप लगा डरा रहा था। इसका खुलासा शनिवार दोपहर बाद हुआ जब एसीबी आरोपी का मेडिकल कराने सिविल अस्पताल लाई। इसके बाद उसे कोर्ट में भी पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## किसान को कब्जे और पेड़ काटने का डर दिखाया

एसीबी इंस्पेक्टर सुलतान सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान चांदवीर के रूप में हुई है। वह वन विभाग में फॉरेस्ट ऑफिसर है। असंध के जींद रोड पर एक किसान अपने खेत में फार्म हाउस बनाना चाहता था। उसने रास्ता बनाने के लिए जमीन की सफाई करवाई। इसी दौरान चांदवीर वहां पहुंचा और किसान पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने व पेड़ काटने का आरोप लगाया।

## 15 लाख जुर्माने लगने की बात कही

इंस्पेक्टर ने आगे बताया कि आरोपी ने किसान को डराया और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। चांदवीर ने खउइ से फार्म हाउस के सामने गड्ढे खुदवा दिए और कहा कि उस पर 15 लाख रुपए का जुर्माना लगेगा। डर के चलते किसान ने बातचीत की, जिसके बाद मामला डेढ़ लाख रुपए में तय हुआ। आरोपी लगातार पैसे देने का दबाव बना रहा था।

# शहर के युवा राहुल कालिया की पंजाबी फिल्म मिठ्ठा जहर हुई रिलीज

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/11 अप्रैल। शहर के युवा राहुल कालिया की पंजाबी फिल्म मिठ्ठा जहर की स्पैशल स्क्रीनिंग लुधियाना में की गई, जिसमें सिनेमा हाल में मौजूद सिनेप्रेमियों ने फिल्म की खूब तारीफ की। इस अवसर पर फिल्म के कई कलाकार भी मौजूद रहे। इसके साथ ही यह फिल्म पंजाब में रिलीज हुई और फिल्म को अच्छा रिस्पांस मिला। फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म में लीड रोल निभाने के साथ-साथ इस फिल्म की कहानी को लिखा भी राहुल कालिया ने ही है। फिल्म के निमार्ता और निर्देशक बलविंदर कालिया है, जबकि को प्रोड्यूसर अनीता कालिया है। फिल्म के निर्देशक बलविंदर ने बताया कि फिल्म का विषय कुछ हटकर है और यह फिल्म एक खास संदेश देती है कि वर्तमान माहौल में जल्द अमीर बनने के चक्कर में शार्टकट रास्ते अपनाने का अंत बुरा ही होता है। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़ के अलावा पंजाब के लुधियाना, खरड़ और फगवाड़ा में की गई है। फिल्म में अभिनेत्री रूह संघा, पूनम सूद, करम कौर सहित रंजीत रियाज, रविंद्र मंड, चमकौर एस सोहल, पाली मांगट आदि ने भी अहम रोल निभाया है। उन्होंने बताया कि राहुल इससे पहले कुछ शॉर्ट फिल्में कर चुके हैं और बड़े पर्दे पर यह उनकी पहली फिल्म है। 28 वर्षीय राहुल ने एमबीए की पढ़ाई की है और उनकी सोच यह है कि विदेश जाने की बजाय पंजाब की धरती पर ही मेहनत करके तरक्की की जाए। फिल्म का संगीत सुनील वर्मा ने दिया है।

# पंजाब पुलिस की फेक शराब रिकवरी, प्राइवेट गाड़ी में नीला ड्रम लाकर घर में प्लांट किया, एसएचओ समेत 3 लाइनहाजिर



पंजाब/यूटर्न/11 अप्रैल। जालंधर पुलिस का 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के तहत एक कार्रवाई का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें पुलिस अपनी प्राइवेट गाड़ी की डिक्की में नीला ड्रम लाती है और फिर शराब बरामदगी दिखा देती है। इसके बाद पुलिस शाहकोट थाने में 9 अप्रैल को FIR नंबर-90 दर्ज करती है। FIR में पुलिस ने दावा किया कि उसने अकरम नाम के युवक के घर से 35 लीटर लाहन (देसी शराब) बरामद की। पुलिस और एक्साइज टीम ने दावा किया कि लाहन तूड़ी वाले कमरे में नीले ड्रम में मिली। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में पुलिस गाड़ी की डिक्की से नीला ड्रम निकालते हुए दिखती है। वीडियो आने के बाद एसएचओ और एएसआई समेत एक लेडी कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। SSP देहात हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि एसएचओ वलविंदर सिंह, एएसआई सुखविंदर सिंह, लेडी कांस्टेबल हैवनप्रीत कौर के खिलाफ कार्रवाई हुई है। मामले में डीआईजी नवीन सिंगला ने कहा था कि उन्हें पुलिस के इस कारनामे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अगर ये फेक रेड है तो जिम्मेदारों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## सफेद गाड़ी में आए पुलिसकर्मी समेत 3 लोग

सीसीटीवी फुटेज में दिखता है कि गांव दौलतपुर ढड्डा की गली में पहले सफेद रंग की वश आती है। वो सीधा आरोपी के घर के बाहर रुकती है और इसमें से 3 लोग निकलते हैं। इसके बाद तीनों लोग पहले गली में घूमने लगते हैं। फिर आपस में बातचीत करते दिखाई देते हैं। फिर गाड़ी की डिक्की को खोलते हैं और 2 लोग नीला ड्रम उठाकर नीचे रखते हैं। उसके बाद वो आरोपी के घर इसे ले जाते हैं। इसके बाद दूसरी तरफ से पुलिस पार्टी आती है और काला गेट लगे एक घर में एंटर कर रेड करती है। रेड में 7 पुलिसवाले कैमरे में कैद हुए हैं। 4 वर्दी में, 3 साधारण कपड़ों में थे। पुलिस ने लाहन की खेप पकड़ने की बाकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई और ड्रम सील कर ले गए।

यूटर्न टाइम

# वृंदावन नाव हादसा: मृतकों को अंतिम विदाई, सीएम मान ने जगरांव पहुंच पीड़ित परिवारों का बांटा दर्द

**मुख्यमंत्री मान यूपी सरकार और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ लगातार संपर्क में**

**एक और लापता भश्रद्धालु (माणिक टंडन) का शव बरामद, 4 की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/अप्रैल। जगरांव के हजारों शहरवासियों ने भारी मन से दी बिछड़ी आत्माओं को अंतिम विदाई। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में हुए हृदयविदारक नाव हादसे में जान गंवाने वाले जगरांव के श्रद्धालुओं का आज स्थानीय डल्ला रोड स्थित श्मशान घाट पर नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस असीम दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करने और उनका ढांढस बंधाने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान विशेष रूप से जगरांव पहुंचे।

मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, जगरांव की विधायिका बीबी सरबजीत कौर माणुके और 'आप' नेता गोपी शर्मा भी उपस्थित रहे। श्मशान घाट पर जब दिवंगतों की अंतिम रस्में निभाई जा रही थीं, तो वहां मौजूद हजारों शहरवासियों की आंखें छलक पड़ीं। अंतिम विदाई के इस दृश्य ने हर किसी के दिल को झकझोर कर रख दिया और पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई।



- पंजाब सरकार ने दिया पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा

## एक ही परिवार से संबंधित थे सभी श्रद्धालु

इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मान ने इस घटना को अत्यंत दुखद करार दिया। उन्होंने बताया कि ये सभी श्रद्धालु एक ही परिवार और रिश्तेदारी से संबंधित थे, जो पिछले पांच सालों से लगातार हर वर्ष वृंदावन के दर्शनों के लिए जाते थे। लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जगरांव के 10 श्रद्धालु शिकार हुए हैं। इनमें से कविता बहल, उनके पुत्र मधुर बहल, चरणजीत सिंह, उनकी पत्नी पिंकी और नौजवान ईशान कटारिया के निधन की पुष्टि पहले ही हो चुकी थी।

## *माणिक टंडन का शव बरामद, 4 की तलाश अभी भी जारी*

*मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य का ताजा अपडेट साझा करते हुए बताया कि कल तक 5 श्रद्धालु लापता थे, लेकिन प्रशासनिक टीमों ने एक और नौजवान श्रद्धालु 'माणिक टंडन' का शव भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि शेष 4 लापता श्रद्धालुओं की तलाश के लिए गोताखोरों और स्थानीय प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर लगातार जारी है।*

## पंजाब सरकार करेगी हर संभव मदद

मुख्यमंत्री मान ने स्पष्ट किया कि जैसे ही उन्हें इस त्रासद घटना की सूचना मिली, वे तुरंत उत्तर प्रदेश प्रशासन और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संपर्क में आ गए। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार से पल-पल की अपडेट ली जा रही है। संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सीएम मान ने कहा कि फिलहाल पीड़ित परिवार एक बहुत बड़े सदमे और दुख के दौर से गुजर रहे हैं। जैसे ही परिजन बातचीत करने की मानसिक स्थिति में होंगे, पंजाब सरकार उनसे संपर्क कर हर संभव प्रशासनिक और आर्थिक मदद सुनिश्चित करेगी। अपनों को खोने के गम में सुबका जगरांव : बिना कहे मुकम्मल बंद रहा शहर, हर आंख नम। बीती कल जैसे ही उस अनहोनी की खबर शहर की फिजाओं में घुली, पूरे जगरांव में सन्नाटा पसर गया। देखते ही देखते हंसता-खेलता शहर मातम की आगोश में समा गया। अपनों को खोने का दुख इतना गहरा था कि आज सुबह जब सूरज निकला, तो शहर की रफ्तार थमी हुई थी।

## स्वत: स्फूर्त बंद: न अपील की जरूरत पड़ी, न किसी ने दी दस्तक

आमतौर पर बंद के दौरान बाजारों में दुकानें बंद कराने के लिए जत्थेबंदियों को मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन आज तस्वीर जुदा थी। मृतकों के सम्मान और परिजनों के साथ हमदर्दी जताते हुए शहरवासियों ने बिना किसी अपील के अपनी दुकानें और कारोबार पूरी तरह बंद रखे। मुख्य बाजारों से लेकर गलियों तक में शटर नहीं उठे।

## मंदिरों-गुरुद्वारों में अरदास, घरों के बाहर लगा रहा जमावड़ा

शहर का हर कोना आज सिसक रहा था। कल शाम से ही लोगों का हुजूम प्रभावित परिवारों के घर, मंदिरों और गुरुद्वारों में उमड़ना शुरू हो गया था। कहीं सलामती की दुआएं मांगी जा रही थीं, तो कहीं बिछड़ गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए अरदास हो रही थी। धार्मिक प्रोग्राम स्कूलों के फंक्शन और ऐसे कई उत्साह पूर्वक समागम शहर वासियों ने खुद ही रद कर दिए।हर शख्स के चेहरे पर बस एक ही सवाल था- 'आखिर यह सब कैसे हो गया?'

# बलटाना में मंदिर के पीछे युवक का शव मिलने से सनसनी

**20 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**



जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। बलटाना के सैनी विहार फेस-3 में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब मंदिर के पीछे एक युवक का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह एक राहगीर की नजर मंदिर के पीछे पड़े शव पर पड़ी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान मोनू (लगभग 20 वर्ष) निवासी मौली जागरण, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती जांच में युवक की मौत अत्यधिक शराब सेवन के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल शव को 72 घंटों के लिए डेराबस्सी के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, ताकि परिजन संपर्क कर सकें और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक यहां कैसे पहुंचा और उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति मौजूद था या नहीं। फिलहाल मामले की हर एंगल से गहन जांच जारी है।

# सिंगर बब्बू मान के शो में पाकिस्तानी इंफ्लुएंसर का हंगामा, जर्मनी मिलने पहुंची, बोलीं- सिक्योरिटी ने धक्के दिए

चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। पंजाबी सिंगर बब्बू मान के जर्मनी शो में पाकिस्तानी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने हंगामा किया, लेकिन सिक्योरिटी ने उसे रोक दिया। इंफ्लुएंसर की पहचान अलीजा



सहर के तौर पर हुई है। अलीजा ने 10 अप्रैल को वीडियो शेयर कर आरोप लगाते हुए दावा किया कि बब्बू मान की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने उसकी ब्रेस्ट पर हाथ लगाया। उसके साथ हुई बदसलूकी के लिए सिक्योरिटी गार्ड से बब्बू मान जवाब मांगें। अलीजा ने कहा कि मैं बब्बू मान की डाइ हार्ट फैन हूं। मैं 6 अप्रैल को फ्रैंकफर्ट में हुए शो में बब्बू मान से मिलने के लिए गई थी लेकिन सिक्योरिटी ने उसको गलत ढंग से छुआ। वह बब्बू मान के साथ मिल भी नहीं पाई जिससे उनका दिल टूट गया है। वीडियो पर बात करते-करते ही अलीजा रोने लगती हैं। कहती हैं कि सिंगर बब्बू मान से उसे इंसाफ की उम्मीद है। बब्बू मान ने शो में हुए किसी भी हंगामे के बारे में कोई सूचना नहीं दी है। पंजाबी गायक का यह लाइव कॉन्सर्ट 6 अप्रैल, 2026 की रात को जर्मनी में आयोजित किया गया था। यह शो उनके यूरोप टूर का एक प्रमुख हिस्सा था, जिसमें हजारों की संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे।

# सीक्यू-ईसीसीई ट्राईसिटी की मीटिंग, 'प्रारंभ चंडीगढ़ 2026' की तैयारियां जोरों पर

जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। सीक्यू-ईसीसीई ट्राईसिटी विंग की एक मीटिंग ट्राईसिटी विंग की अध्यक्ष मंदीप शर्मा की अध्यक्षता में होटल हॉलिडे इन जीरकपुर में हुई, जिसमें 17 मई को होने वाले प्रोग्राम 'प्रारंभ चंडीगढ़ 2026' की प्लानिंग पर चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान चेयरपर्सन अनुभव अरोड़ा ने ऑर्गनाइजेशन के विजन और मिशन के बारे में जानकारी शेयर की और अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन में क्वालिटी को मजबूत करने पर जोर दिया। इस मौके पर ट्राईसिटी विंग की अध्यक्ष मंदीप शर्मा को पंजाब का अध्यक्ष भी नियुक्त किया





गया और उन्हें पूरे राज्य में ऑर्गनाइजेशन को बढ़ाने की ज़िम्मेदारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 'प्रारंभ चंडीगढ़ 2026' का आयोजन 17 मई को होटल हॉलिडे इन जीरकपुर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम में पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और ट्राईसिटी के स्कूलों के प्रिंसिपल और डायरेक्टर हिस्सा लेंगे। इस मीटिंग में सिटी अध्यक्षों की भी घोषणा की गई। इस मौके पर मोहाली से दृष्टि चुघ, जीरकपुर से समृद्धि, चंडीगढ़ से पारुल और पंचकूला से चेतना बाली को शहरी अध्यक्ष बनाया गया। आखिर में उन्होंने कहा कि यह प्रोग्राम अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन के फील्ड में नए स्टैंडर्ड सेट करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

# तार चोर गैंग का आतंक, 20 दिन में 7 ट्यूबवेल ठप

## सीसीटीवी में कैद वारदात, एक्टिवा पर तार ले जाते दिखे आरोपी

- 50 हजार आबादी पानी को तरसी, लोगों में रोष





जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। शहर में इन दिनों तार चोर गैंग का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोग अब रात को सोने से पहले पानी की चिंता में जागने को मजबूर हैं। महज 20 दिनों के भीतर 7 ट्यूबवेलों के तार चोरी होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ताजा मामला ढकोली के वार्ड नंबर-14 का है, जहां शुक्रवार देर रात कृष्णा एन्क्लेव के तीन और हरमिलाप नगर के एक ट्यूबवेल से तार काटकर चोर फरार हो गए।

हैरानी की बात यह है कि पूरी वारदात गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तीन युवक एक एक्टिवा पर सवार होकर आराम से तारों के बंडल ले जाते नजर आ रहे हैं। इससे साफ है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है।

इस चोरी का सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है। करीब 40 से 50 हजार की आबादी पूरे दिन पानी के लिए तरसती रही। घरों में न नहाने का पानी उपलब्ध हुआ और न ही खाना बनाने की सुविधा, जिससे लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। खासकर महिलाएं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि इससे पहले दयालपुरा, सैनी विहार फेस-3 और वार्ड नंबर-13 में भी ट्यूबवेलों के लाखों रुपये के तार चोरी हो चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने इलाके के लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि आखिर यह चोरी का सिलसिला कब थमेगा।

स्थानीय निवासी चोतार सिंह रावत के अनुसार, सुबह करीब चार बजे के आसपास यह वारदात हुई। जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो पानी के लिए हाहाकार मच गया।

वहीं, ठेकेदार कुलदीप ने बताया कि मामले की सूचना नगर परिषद अधिकारियों को दे दी गई है और सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दी गई है। जल्द ही चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा।

# ढकोली में आप को बड़ा बल, कांग्रेस नेता समेत कई परिवार शामिल

## वार्ड-8 में सियासी हलचल तेज, 'आप' में शामिल हुए कई प्रमुख चेहरे, भगवंत मान सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आप में शामिल हुए नेता



जीरकपुर/यूटर्न/11 अप्रैल। जीरकपुर के ढकोली क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला जब कांग्रेस से जुड़े कई नेताओं और परिवारों ने पार्टी छोड़कर 'आप' का दामन थाम लिया। 'शानदार चार साल भगवंत के साथ संवाद' कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर-8 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह शामिल होने का सिलसिला देखने को मिला, जिससे स्थानीय राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। इस मौके पर विश्व बिंदु, जो पिछली बार कांग्रेस के एमसी उम्मीदवार रह चुके हैं, ने अपने समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। उनके साथ अरुण भल्ला, सुमित, दिनेश मिश्रा, सोन लाल, गुरमीत सिंह, अशोक गुप्ता, अवनीत शर्मा, तरुण, राजेश शर्मा, बाबू राम, राम कुमार और सुनील रावत सहित कई परिवारों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में हल्का विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने नए शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनहित नीतियों के चलते लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की पारदर्शी और साफ-सुथरी राजनीति के कारण हर वर्ग का व्यक्ति 'आप' पर भरोसा जताता रहा है। नए शामिल हुए नेताओं ने भी कहा कि वे आम आदमी पार्टी की नीतियों और प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे मिलकर पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी, वार्ड टीम के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। ढकोली में इस तरह के राजनीतिक घटनाक्रम को आगामी नगर निकाय चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है, जहां पार्टियां अपने आधार को मजबूत करने में जुटी हुई हैं।

# गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ गुरबाणी कीर्तन से

## जपजी साहिब पाठ के साथ छात्रों को गुरबाणी पर चलने की प्रेरणा



डेराबस्सी/यूटर्न/11 अप्रैल। गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, डेराबस्सी में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ धार्मिक वातावरण में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में जपजी साहिब पाठ और गुरबाणी कीर्तन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ह्वाहेगुरुह्व के जाप से हुई, जिससे पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बन गया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंजीनियर सुरिंदर सिंह विरदी, उपाध्यक्ष अमृतपाल सिंह, गुरनीत सिंह, मैनेजर गुरजीत सिंह सहित प्रबंधन के अन्य सदस्य, प्रधानाचार्या कविता अत्री, स्टाफ, छात्र और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कविता, शायरी, शब्द कीर्तन और अरदास प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद हुक्मनामा लिया गया। अध्यक्ष सुरिंदर सिंह विरदी ने बताया कि स्कूल के संस्थापक सरदार बलवंत सिंह अकाली का सपना था कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंद छात्रों की फीस माफ करने और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने की परंपरा जारी रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को यूनिफॉर्म, पुस्तकें और पूरी फीस माफ की जाएगी, द्वितीय श्रेणी के छात्रों को यूनिफॉर्म व आधी फीस माफी, जबकि तृतीय श्रेणी के छात्रों को कॉपियों का सेट और आधी फीस माफी दी जाएगी। मैनेजर गुरजीत सिंह द्वारा किए गए शब्द कीर्तन ने संगत को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं अमृतपाल सिंह ने गुरबाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या कविता अत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और छात्रों को नए सत्र में मेहनत कर बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# डेराबस्सी हलके में विकास ठप, नगर कौंसिल में गोरखधंधा : मनप्रीत सिंह बानी संधू

डेराबस्सी/यूटर्न/11 अप्रैल। डेराबस्सी हलके में विकास कार्यों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता मनप्रीत सिंह बानी संधू ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीरकपुर, डेराबस्सी और लालड़ू क्षेत्र में पिछले कुछ समय से विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और नगर कौंसिल में अनियमितताएं चरम पर हैं। मनप्रीत सिंह बानी संधू ने कहा कि नगर कौंसिल (2021-26) का कार्यकाल पहले ही विवादों से घिरा रहा और आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हालात और खराब हो गए। उन्होंने कहा कि शहर के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी अधूरे पड़े हैं, जिससे आम लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जीरकपुर और डेराबस्सी में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। मुख्य सड़कों पर अव्यवस्थित पार्किंग और निर्माण कार्यों की धीमी गति के कारण रोजाना जाम लग रहा है। शहर के एंट्री गेट का निर्माण कार्य भी लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।



# सीमा पार नेटवर्क से जुड़े गिरोह का पदार्फाश, 2 आरोपी पकड़े, 6.5 किलो हेरोइन-हथियार जब्त, विदेश से मिल रहा था आदेश



पंजाब/यूटर्न/11 अप्रैल। बटाला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पार से चल रहे नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन, पिस्तौल, कारतूस और ड्रग मनी भी बरामद की है। वहीं, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की जांच में सामने आया है कि वे जबरन वसूली, नशा तस्करी और अवैध हथियारों के नेटवर्क से जुड़े थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि इस नेटवर्क से जुड़े कई और बड़े खुलासे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 6.5 किलोग्राम हेरोइन, .30 कैलिबर पिस्तौल, 6 कारतूस और 1 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके अलावा आरोपी जबरन वसूली, नशा तस्करी और अवैध हथियारों के नेटवर्क से जुड़े थे। प्रारंभिक जांच में ये भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के जरिए अपराधियों को हथियारों की सप्लाई की जा रही थी। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस, बटाला में FIR दर्ज की गई है।

### 30 मार्च चलाई थी गोलियां

30 मार्च को बटाला के सिविल लाइन्स इलाके में विदेश में बैठे शरारती तत्वों के इशारे पर 2 अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां चलाई थीं। पुलिस ने जांच के बाद वंश और सुखचैन नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 पिस्तौल (.30 बोर) और 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी वंश ने बताया कि वह ये पिस्तौल रविपाल (निवासी रायपुर) और एक नाबालिग लड़के से लेकर आया था। पुलिस ने इन दोनों को भी मामले में नामजद कर गिरफ्तार कर लिया।

# पंजाब कैबिनेट ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के लिए आजीवन कारावास को मंजूरी दी



चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। पंजाब कैबिनेट ने शनिवार को 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम, 2008 में एक कड़े संशोधन को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के तहत बेअदबी (अपवित्रता) के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने हेतु आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को सोमवार को पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान पेश किया जाएगा। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) के एक प्रवक्ता ने कहा कि अतीत में बेअदबी की कई घटनाओं ने जनता की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है और अशांति पैदा की है। हालाँकि ह्यभारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धाराएँ 298, 299 और 300 ऐसे मामलों से निपटती हैं, लेकिन वे इतनी कड़ी सजाएँ निर्धारित नहीं करतीं जो एक मजबूत निवारक के रूप में काम कर सकें। CMO ने आगे कहा कि AAP सरकार ने यह तय किया कि पवित्र ग्रंथ की पवित्रता की रक्षा करने और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए कानूनी उपायों की आवश्यकता है। प्रस्तावित कानून में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रति बेअदबी करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए आजीवन कारावास सहित कड़ी सजाओं का प्रावधान है।

### सोलर स्ट्रीट लाइटिंग कार्यक्रम को भी मंजूरी

कैबिनेट ने एक सोलर स्ट्रीट लाइटिंग कार्यक्रम को भी मंजूरी दी, जिसके तहत 11,500 गाँवों में लगभग 3 लाख लाइटें लगाई जाएँगी। यह परियोजना ग्राम पंचायतों के लिए 'ऑप्ट-इन' (अपनी मर्जी से शामिल होने) के आधार पर लागू की जाएगी। राज्य सरकार इस परियोजना के लिए 70% धनराशि उपलब्ध कराएगी, जबकि शेष 30% हिस्सा ग्राम पंचायत का होगा। पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (PEDA) जून और अक्टूबर 2026 के बीच विभिन्न चरणों में इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करेगी। इस पहल में नई लाइटें लगाने और उनके रखरखाव का कार्य शामिल है, जिसमें सार्वजनिक स्थानों और अनुसूचित जाति (SC) बहुल आवासीय क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### पंजाब करेगा पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

राज्य के इतिहास में पहली बार, कैबिनेट ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की मेजबानी करने के प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान की है। इस संबंध में 'पंजाब राज्य खेल परिषद' और हॉकी इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस टूर्नामेंट के आयोजन पर अनुमानित व्यय 25.4 करोड़ है। इन निधियों का उपयोग इस आयोजन के लिए, तथा जालंधर और मोहाली स्थित हॉकी स्टेडियमों को अंतरराष्ट्रीय प्रसारण और खेल मानकों के अनुरूप उन्नत करने के लिए किया जाएगा।

# ट्रक को महाराष्ट्र के नासिक में लगा आग



पंजाब/यूटर्न/11 अप्रैल। ट्रक को महाराष्ट्र के नासिक में आग लगा दी गई। देखते ही देखते सामान लदा ट्रक जल गया। संगरूर के रहने वाले ट्रक ड्राइवर जगतार सिंह ने बताया कि घटना 10 अप्रैल दोपहर बाद की है। मैं पूना से बठिंडा जा रहा था। गाड़ी में आर्मी सीएसडी का सामान था। पुलिस वालों ने मुझे रोका और कहने लगे की तुम नो एंट्री में घुस गए हो। पुलिस वालों को जब कहा कि आप पंजाब की गाड़ी को ही क्यों रोक रहे हो, बाकी गाड़ियां तो निकल रही हैं। इस पर पुलिस वालों ने कहा कि 30 हजार रुपए दो। ड्राइवर जगतार सिंह ने कहा कि पुलिस वालों को कहा कि ट्रक में आर्मी का सामान है, मेरा कुछ नहीं है। ड्राइवर ने आरोप लगाया कि इस पर मुझसे 5 हजार रुपए मांगे। जब मैंने पैसे देने से मना कर दिया तो मुझे साइड में ले जाकर थप्पड़ मारे। इस दौरान एक पुलिस वाला सिगरेट पीने लगा तो ट्रक के डीजल टैंक में आग लग गई। जैसे ही आग भड़की तो सभी पुलिस वाले भाग गए।

### टोल नाके के CCTV फुटेज खंगाल रहे- जांच अधिकारी

ट्रक ड्राइवर ने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों की गाड़ियों को महाराष्ट्र पुलिस वाले बिना पैसों से जाने नहीं देते। घटना की सचूना मिलने पर स्थानीय थाना प्रभारी, येवला के जांच अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में ऐसा लगता है कि आग ट्रक में शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी के कारण लगी होगी। ड्राइवर के आरोपों की गंभीरता को देखते हुए हम टोल नाके के CCTV फुटेज खंगाल रहे हैं।



# यूएस और ईरान के बीच पाकिस्तान में ऐतिहासिक सीजफायर बातचीत जारी, पहली बार आमने-सामने की बातचीत



चंडीगढ़/यूटर्न/11 अप्रैल। अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान के बीच त्रिपक्षीय सीजफायर बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू हो गई है, 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद वॉशिंगटन और तेहरान के बीच यह पहली सीधी बातचीत है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। सीजफायर बातचीत से पहले उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। ईरानी अधिकारियों, जिनमें संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हैं, ने भी शरीफ से मुलाकात की। इस बीच, पाकिस्तान का कहना है कि वह छह हफ़्ते से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत कराने की भी कोशिश कर रहा है।

## इजरायली हमलों में मारे गए लोगों की संख्या 357 हुई

इस बीच, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को पूरे देश में इजरायली हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ाकर 357 कर दी है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या अभी अंतिम नहीं है, क्योंकि अभी और भी पीड़ित मिल रहे हैं और उनकी पहचान की जा रही है।अमेरिका में लेबनान और इजरायल के राजदूतों ने फोन पर बातचीत की। दोनों देशों के बीच यह पहला सीधा संपर्क बताया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले हफ़्ते अमेरिका में सीजफायर को लेकर बातचीत होगी। पूरे क्षेत्र में हताहतों की ताजा जानकारी के लिए हमारे लाइव ट्रैकर को देखें।

## प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद में रहेगा

सूत्रों से हमें पता चला है कि प्रतिनिधिमंडल एक दिन के लिए इस्लामाबाद में रहेगा, लेकिन निचले स्तर की बातचीत यानी प्रतिनिधि स्तर की बातचीत, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा शर्तें तय की जाएँगी जारी रहेगी। ईरानी पक्ष के कई विशेषज्ञ-स्तरीय पैनल यहाँ मौजूद हैं। राजनयिकों का कहना है कि कूटनीति बंद दरवाजों के पीछे ही सबसे अच्छी तरह से होती है। जब बातचीत करने वाले बाहर आएँगे, तब हमें पता चलेगा कि असल में क्या हुआ। सूत्रों के अनुसार, सीधी बातचीत भी हो रही है, और यह पाकिस्तान के जरिए नहीं हो रही है।

## तथाकथित अप्रत्यक्ष बातचीत होगी

अब तक यह माना जा रहा था कि यह तथाकथित अप्रत्यक्ष बातचीत होगी, जिसमें अमेरिका और ईरान की टीमें अलग-अलग कमरों में बैठेंगी और पाकिस्तानी प्रतिनिधि उनके बीच संदेशों का आदान-प्रदान करेंगे, जैसा कि हमने शुक्रवार को रिपोर्ट किया था। लेकिन अब, एक बड़े बदलाव के तहत, मध्यस्थता से जुड़े हमारे सूत्रों का कहना है कि दोनों टीमें सीधी बातचीत में शामिल हैं, और पाकिस्तानी मध्यस्थ भी वहाँ मौजूद हैं। पाकिस्तानी फाइव-स्टार होटल, जहाँ हो रही हैं यूएस-ईरान वार्ताएं

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

इस्लामाबाद की सबसे ज्यादा सुरक्षित इमारतों में से एक, आलीशान सेरेना होटल, इन बेहद अहम वार्ताओं की मेजबानी के लिए एक अजीब-सा चुनाव लग सकता है खासकर इसलिए, क्योंकि इस्लामाबाद का अब तक का सबसे भीषण सशस्त्र हमला 2008 में, इसी के पास स्थित मैरियट होटल में हुआ था। लेकिन सेरेना का सुरम्य परिसर और मूरिश वास्तुकला, उस सुरक्षा व्यवस्था को छिपा देती है जिसे सुरक्षा अधिकारी 'बेहद चुस्त-दुरुस्त' बताते हैं। वे और पूर्व पुलिस प्रमुख, इस होटल की रणनीतिक स्थिति (जो राजनयिक क्षेत्र के बेहद करीब है) और वर्षों से यहाँ आने वाले अति-विशिष्ट मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के इसके अनुभव की ओर इशारा करते हैं।

# घग्गर पुल की मरम्मत के लिए लोगों ने बनाई 15 सदस्यीय कमेटी

## ओवरलोड टिप्परों के खिलाफ धरना 17वें दिन में पहुंचा, जनसमर्थन बढ़ा



डेराबस्सी/यूटर्न/11 अप्रैल। माइनिंग में लगे ओवरलोड टिप्परों के कारण क्षतिग्रस्त हुए डेराबस्सी और राजपुरा हलके को जोड़ने वाले अमलाला घग्गर पुल और बांध की मरम्मत के लिए इलाके के लोगों ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। स्थानीय निवासियों ने मिलकर 15 सदस्यीय ह्वघग्गर पुल कमेटीह्व का गठन किया है, जिसका उद्देश्य मरम्मत कार्य को व्यवस्थित तरीके से पूरा करवाना और एकत्रित फंड के पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करना है। कमेटी में विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इनमें बलिहार सिंह बल्ली (पूर्व सरपंच अमलाला), समशेर सिंह बरौली, चतन्न सिंह बरौली, बख्शीश सिंह कराला, गुरप्रीत सिंह कराला, अवतार सिंह, दलजीत सिंह अमलाला, सुखदर्शन सिंह अमलाला, गुरधियान सिंह अमलाला, हरदीप सिंह (पूर्व सरपंच कराला), लखविंदर सिंह (सरपंच कराला), धर्मवीर सैली (झूर माजरा), बलजीत सिंह (सरपंच राजोमाजरा) और सुखबीर सिंह सुखवा (कारकौर) प्रमुख रूप से शामिल हैं। गौरतलब है कि पुल की खराब हालत को लेकर चल रहा धरना अब 17वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस आंदोलन को पूरे इलाके से व्यापक समर्थन मिल रहा है। लोग बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन जता रहे हैं और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त कर रहे हैं। पुल और बांध की मरम्मत का कार्य घड़मवाले कार सेवा वाले बाबाओं के सहयोग से लगातार जारी है। इसके साथ ही, स्थानीय लोग अपनी क्षमता अनुसार आर्थिक सहयोग भी दे रहे हैं, ताकि कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। धरनाकारियों ने क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक सहयोग देकर इस जनहित के कार्य में भागीदार बनें, ताकि जल्द ही आवाजाही सुचारू हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# वृंदावन में लुधियाना के 10 तीर्थयात्रियों की मौत: एक टाली जा सकने वाली त्रासदी





संदीप शर्मा, सम्पादक

चंडीगढ़। केसी घाट पर नाव दुर्घटना महज एक हादसा नहीं है, यह एक गंभीर आरोप है। दस जानें चली गई, कई अब भी लापता हैं, और दर्जनों लोग सदमे में हैं, मृतकों में लुधियाना के 9 तीर्थयात्री शामिल थे, ऐसे परिवार जिन्होंने आस्था के साथ सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय किया था, लेकिन सुरक्षा की सबसे बुनियादी गारंटी देने में सिस्टम नाकाम रहा। वे जोखिम उठाने वाले पर्यटक नहीं थे; वे वृंदावन की नियमित तीर्थयात्रा पर निकले श्रद्धालु थे। यह फर्क मायने रखता है। यह उस भरोसे को दिखाता है जो लोग सार्वजनिक व्यवस्थाओं पर करते हैं और कितनी लापरवाही से उस भरोसे को तोड़ा जाता है। कई लोग अब भी लापता हैं, और दर्जनों लोग सदमे में हैं। यह उस व्यवस्था का एक अनुमानित नतीजा है जो नदी सुरक्षा को एक गौण विषय मानती है। तीर्थस्थलों वाले शहरों में आगंतुकों का तांता लगा रहता है, फिर भी यह सवाल अनुत्तरित रहता है: यह सुनिश्चित कौन करता है कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को ले जाने वाली नाव यात्रा के लिए सुरक्षित है?

शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि नाव एक तैरते हुए पोंटून ड्रम से टकरा गई। यह एक ऐसे पुल का बचा हुआ हिस्सा था जिसे हटा दिया गया था और पानी का स्तर बढ़ने के बाद उसे यूं ही छोड़ दिया गया था। यह एक छोटा सा विवरण ही हमें सचेत करने के लिए काफी होना चाहिए। अस्थायी ढांचा हटा दिया गया था, लेकिन उसे सुरक्षित नहीं किया गया था। खतरे पैदा किए गए थे, लेकिन उन्हें चिह्नित नहीं किया गया था। और इसके बावजूद, एक यात्री नाव को उन पानी में चलने की अनुमति दे दी गई। यह प्रकृति का कोई अप्रत्याशित कृत्य नहीं है। यह प्रशासनिक लापरवाही है। भारत के तीर्थयात्रा मार्गों पर, त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन में सुधार होता है, लेकिन नियमित सुरक्षा उपायों का पालन कमजोर रहता है। नावें अक्सर क्षमता से अधिक भरी होती हैं, सुरक्षा उपकरण बहुत कम या नदारद होते हैं, और संचालक एक अनियंत्रित क्षेत्र (ग्रे जोन) में काम करते हैं। जवाबदेही स्थानीय अधिकारियों, नगर निकायों और पर्यटन विभागों के बीच बंटी होती है। इसलिए जब कोई त्रासदी होती है, तो कोई भी ज़िम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होता।

वृंदावन की घटना तीन व्यवस्थागत विफलताओं को उजागर करती है। पहली, जोखिम मूल्यांकन: पानी का स्तर बढ़ने पर नावों के आवागमन पर सख़्त नियंत्रण लागू होना चाहिए था, न कि यात्री नावों को लापरवाही से चलने देना चाहिए था। दूसरी, बुनियादी ढांचे का प्रबंधन: किसी पोंटून पुल को हटाने के बाद उसके हिस्सों को पूरी तरह से साफ या सुरक्षित न करना एक बड़ी चूक है। तीसरी, नियमों का पालन: क्या नाव के पास लाइसेंस था? क्या उसमें लाइफ जैकेट उपलब्ध थीं? और क्या यात्रियों की निर्धारित क्षमता का पालन किया गया था? लुधियाना के परिवारों के लिए, ये अब केवल नीतिगत सवाल नहीं रह गए हैं, ये उनके अपने लोगों को खोने का दुख है। राजनीतिक प्रतिक्रियाएं, शोक संवेदनाएं, समन्वय के लिए फोन कॉल, हेल्पलाइन, जरूरी तो हैं, लेकिन वे बहुत देर से आती हैं। शोक, शासन का विकल्प नहीं हो सकता। अब सिर्फ़ मुआवजे की नहीं, बल्कि सुधार की जरूरत है। तीर्थस्थलों वाले शहरों में नदी परिवहन का अनिवार्य ऑडिट, पानी के हालात की रियल-टाइम निगरानी, यात्रियों की संख्या पर सख़्त सीमाएँ और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक जवाबदेही, ये सब ऐसी बातें होनी चाहिए जिन पर कोई समझौता न हो। नदियों में बने अस्थायी ढाँचों पर नजर रखी जानी चाहिए, उन्हें चिह्नित किया जाना चाहिए और उन्हें उतनी ही तेजी से हटाया जाना चाहिए, जितनी तेजी से उन्हें बनाया गया था। लुधियाना से आए उन तीर्थयात्रियों के साथ जो हुआ क्या वह फिर से होगा? जब तक हम यह नहीं मान लेते कि ये महज दुर्घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि ऐसी चेतावनियाँ हैं जिन्हें हम लगातार नजरअंदाज करते आ रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372